स्मार्ट हलचल

शुभ दीपावली


Bhilwara/171/2026-2028

वर्षः 11 अंकः 132 RAJHIN/2016/70516 जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,रविवार, 08 नवम्बर 2026 मूल्यः 4 रुपए पृष्ठः 08

सोनिया ने बताया, 2004 में क्यों ठुकराया था PM पद

बोलीं- राहुल और प्रियंका भी नहीं चाहते थे कि मैं प्रधानमंत्री बनूं

स्मार्ट हलचल



नई दिल्ली 2004 में प्रधानमंत्री पद ठुकराने का फैसला सोनिया गांधी की जिंदगी के सबसे चर्चित राजनीतिक फैसलों में से एक रहा है। अपनी किताब 'बिलॉन्गिंग: ए जर्नी ऑफ लव' में उन्होंने बताया है कि राहुल और प्रियंका भी नहीं चाहते थे कि वे प्रधानमंत्री बनें। 10 नवंबर को लॉन्च होने वाली इस किताब पर 'द हिंदू' को दिए इंटरव्यू में सोनिया ने इस फैसले से लेकर राजीव गांधी के साथ अपने रिश्ते, इमरजेंसी, कांग्रेस के भविष्य और देश की मौजूदा राजनीति पर बात की। उन्होंने कहा कि भारत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सोच अलग है। सोनिया ने पिछले 12 साल में देश के लोकतंत्र और संस्थाओं को हुए नुकसान पर भी चिंता जताई। साथ ही कहा, 'राजीव से मुलाकात के 60 साल बाद भी मैं वही इंसान हूं, बस अब पहले जितना हंसती नहीं।

सवालः आपने पर लिखा- 'दूसरे लोग दशकों से मेरी कहानी बताते रहे हैं, अब मेरी बारी है।' द्ध की मदद से पता चला कि आपके जीवन पर कम से कम 75 किताबें लिखी जा चुकी हैं।' क्या आपने इनमें से कुछ पढ़ी हैं या कभी जानने की कोशिश की कि दूसरे लोग आपकी कहानी को किस तरह देखते हैं

जवाबः मुझे तो अंदाजा ही नहीं था कि इतनी सारी किताबें हैं! लेकिन मैंने कभी अपने बारे में लिखी किताबें पढ़ने की इच्छा महसूस नहीं की। बहुत पहले राजीव और मैंने समझ लिया था कि हमारे बारे में जो कुछ भी लिखा जा रहा है, उसे पढ़ते रहना व्यर्थ है। लेकिन जैसा कि मैंने अपनी किताब में भी कहा है, एक समय ऐसा आया जब मुझे लगा कि अब मुझे अपनी कहानी खुद बतानी चाहिए।

सवालः किताब लिखने में कुल कितना समय लगा

जवाबः इतना लंबा समय बीत चुका है कि अब ठीक-ठीक याद भी नहीं कि इसकी शुरुआत कब हुई थी। इतना जरूर कह सकती हूं कि मैंने पहली बार कुछ लिखना एक दशक से भी पहले शुरू किया था। हालांकि, गंभीरता से लिखना करीब पांच साल पहले ही शुरू किया। यह सिलसिला लगातार नहीं चला। कभी ऐसा होता था कि शब्द और विचार अपने आप आते चले जाते थे, तो कभी कुछ भी लिखना मुश्किल हो जाता था। ऐसे मौकों पर मैं निराश होकर हाथ खड़े कर देती थी।

सवालः आपने 'बिलॉन्गिंग' को व्यक्तिगत संस्मरण बताया है, लेकिन इसके केंद्र में राजीव गांधी के साथ आपकी प्रेम कहानी भी है। क्या यह सफर किसी फिल्मी कहानी जैसा लगता है

जवाबः हां! यही एक वजह थी कि इतने लंबे समय तक मेरी इस कहानी के बारे में बात करने की इच्छा नहीं हुई।

यह सिर्फ हम दोनों की प्रेम कहानी नहीं है। यह इस बात की कहानी भी है कि कैसे मुझे राजीव के परिवार और उस देश से प्यार हो गया, जिससे उनका रिश्ता था। धीरे-धीरे मैं भी उस परिवार और देश का हिस्सा बन गई।

यह इस बात की कहानी भी है कि इसी प्यार ने मुझे सार्वजनिक जीवन में आने के लिए प्रेरित किया। जब मुझे लगा कि उन लोगों के सभी बलिदानों का उद्देश्य खतरे में पड़ रहा है और पार्टी कमजोर हो रही है, तब लगा कि मुझे कुछ करना ही होगा।



जयपुर में अवैध पटाखों का बड़ा जखीरा पकड़ा

7-8 लाख का माल जब्त, 19 कार्टन पटाखों के साथ दुकानदार गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



जयपुर त्योहारों के सीजन में जयपुर पुलिस ने अवैध पटाखों की बिक्री और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। एयरपोर्ट और जामडोली थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए तीन दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक दुकान से अलग-अलग ब्रांड के 19 कार्टन पटाखे जब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत 7 से 8 लाख रुपए बताई जा रही है।

वहीं, जामडोली क्षेत्र में दो दुकानदारों के यहां से 27 अलग-अलग लेबल के करीब 30 हजार रुपए कीमत के पटाखे जब्त किए गए हैं।

जगतपुरा में पटाखा दुकान पर दबिश, 8 लाख का माल बरामद

डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया- एयरपोर्ट थाना पुलिस ने जगतपुरा में SBI बैंक के सामने स्थित भारत पटाखा शॉप पर दबिश देकर अवैध पटाखों का जखीरा पकड़ा। दुकान संचालक आकाश शर्मा (23) बिना लाइसेंस के पटाखों का भंडारण और बिक्री कर रहा था। पुलिस ने दुकान से अलग-अलग ब्रांड के कुल 19 कार्टन पटाखे जब्त किए। इनकी अनुमानित बाजार कीमत 7 से 8 लाख रुपए है। पुलिस ने आरोपी आकाश शर्मा निवासी शिव कॉलोनी, प्रेम नगर, आगरा रोड, जयपुर को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एयरपोर्ट थाने में मुकदमा दर्ज कार्रवाई की गई है। एयरपोर्ट थानाधिकारी विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी का पीसी रिमांड प्राप्त किया है। अब पटाखों की खरीद और सप्लाई के स्रोत का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है।

जामडोली में दो दुकानदार पकड़े, 27 तरह के पटाखे जब्त

इसी अभियान के तहत जामडोली थाना पुलिस ने आगरा रोड स्थित पालड़ी मीणा में विनायक चैंबर के पास पटाखा दुकानों की जांच की। थानाधिकारी रतन सिंह कवरिया के नेतृत्व में गठित दो विशेष टीमों ने विजयपुरा, सुमेल, पुरानी चुंगी और मीना पालड़ी क्षेत्र में दुकानों के लाइसेंस की जांच की।

इस दौरान मनोज कुमार (31) निवासी जे.डी.ए. कॉलोनी, पालड़ी मीणा और बिजेन्द्र कुमार बड़गूजर (47) निवासी वरुण विहार, पालड़ी मीणा बिना स्थाई या अस्थाई अनुज्ञापत्र के पटाखों की बिक्री करते मिले। पुलिस ने दोनों दुकानों से 27 अलग-अलग लेबल के करीब 30 हजार रुपए कीमत के पटाखे जब्त किए। दोनों दुकानदारों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।













बागुदार की सरपंच निरमा देवी, गांव की गलियों में शुरू करवाया सफाई अभियान



पेयजल, सड़क और स्वच्छता को बताया प्राथमिकता, ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत; जनभागीदारी से गांव के विकास का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल

रोपा/ बागुदार ग्राम पंचायत में नई सरकार के गठन के साथ ही विकास की उम्मीदों ने भी दस्तक दे दी है। नवनिर्वाचित सरपंच निरमा देवी नायक ने रूप चौदस के शुभ अवसर पर पंचायत भवन में विधिवत पूजा-अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी ताराचंद सोयल मौजूद रहे। पदभार ग्रहण करने पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। पंचायत भवन में हुए इस कार्यक्रम के बाद सरपंच निरमा देवी नायक ने अपने इरादे भी साफ कर दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत का विकास किसी एक व्यक्ति के प्रयास से नहीं, बल्कि सभी के सहयोग और भागीदारी से संभव है। पेयजल की समस्या का समाधान, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और गांव में नियमित साफ-सफाई उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे। पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड और हर वर्ग की समस्याओं को सुनकर विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गांव में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना भी उनकी प्राथमिकता रहेगी। सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार, विद्यार्थियों को प्रोत्साहन और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

पदभार संभालते ही सफाई अभियान शुरू

सरपंच निरमा देवी ने केवल घोषणाओं तक सीमित रहने के बजाय पदभार संभालने के बाद ही वार्डों में सफाई करवाने की पहल की। गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई कार्य शुरू करवाकर उन्होंने स्वच्छता को लेकर अपनी प्राथमिकता का संदेश दिया। नई जिम्मेदारी संभालते ही धरातल पर काम की शुरुआत को ग्रामीणों ने सकारात्मक पहल के रूप में देखा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि गांव को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए पंचायत का सहयोग करें तथा अपनी समस्याएं खुलकर सामने रखें। इस अवसर पर उपसरपंच रामराज गाडरी, जनसेवक रंगलाल नायक, वार्ड पंच राजेश देवी शर्मा, रेखा देवी रेगर, राजेंद्र कुमार कीर, मांगीलाल मेघवंशी, सीता देवी और अनिल धाकड़ सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

चित्तौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि.

खुशहाली, समृद्धि,
वैभव और प्रकाशके इस पावन पर्व
दीपोत्सव दीपावली
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

डॉ आई.एम सेठिया
अध्यक्ष

शिवनारायण मानधना
उपाध्यक्ष

वंदना वजिरानी
प्रबंध निदेशक



शुभेच्छु:- नगर पालिका मण्डल, माण्डलगढ़, जिला- भीलवाड़ा



समस्त ग्रामवासी, ग्राम पंचायत मोटरो का खेड़ा
पंचायत समिति मांडलगढ़, जिला- भीलवाड़ा



शुभेच्छु:- ग्राम विकास अधिकारी, समस्त वार्डपंच एंव ग्रामवासी ग्राम पंचायत गिलुंड

- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0
- मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना
- स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0
- श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना
- स्वच्छता ही सेवा-2026 (स्वच्छ जहाजपुर स्वस्थ जहाजपुर)
- शहरी सेवा शिविर-2026
- सेवा सेतु अभियान-2026
- प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना
- विकसित भारत जनसेवा अभियान
- राजस्थान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना
- एक पेड़ माँ के नाम अभियान
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA)
- जन्म-मृत्यु, विवाह का पंजीकरण समय पर करवाये
- राजकीय भूमि/नगर पालिका भूमि पर अतिक्रमण नही करे
- सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा करे
- नगरीय विकास कर समय पर जमा करवाये
- बिना निर्माण स्वीकृति भवन निर्माण नही करे
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर ई-लाइब्रेरी

शुभेच्छु:- नगर पालिका मण्डल, जहाजपुर, जिला- भीलवाड़ा





लाडपुरा में दिवाली पर पंचायत के ग्यारह वार्डों में नहीं दिखी सफाई व्यवस्था, गंदगी का अंबार

स्मार्ट हलचल



लाडपुरा। ग्राम पंचायत लाडपुरा के खोखरा व डामटी सहित गांवों में दीपावली से पहले गंदगी और कीचड़ का अंबार लगा हुआ है। दीपावली को लेकर जहां शहरों में घरों में सजावट और रोशनी की गई है, वहीं ग्राम पंचायत लाडपुरा के गांवों में गंदगी पसरी हुई है। पंचायत के जिम्मेदारों ने कागजों में सफाई दिखाकर लाखों रुपए खर्च कर दिए, जबकि हकीकत में नालियां चोक हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप है। ऐसे में लोग सड़क पर कीचड़ और कूड़े के ढेरों के बीच त्यौहार मनाने को मजबूर हुए। भीलवाड़ा जिले के पंचायत समिति मांडलगढ़ के ग्राम पंचायत लाडपुरा के सभी 11 वार्डों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त बताई जा रही है। गांवों में नालियां पूरी तरह से चोक पड़ी हैं। नालियों की सफाई तो कभी-कभार कर दी जाती है, लेकिन नालियों से निकला कीचड़ हटाने कोई नहीं आता। कीचड़ सड़कों पर ही जमा रहता है, जिससे मच्छरों का आतंक बढ़ गया है और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। जिम्मेदार कागजों में गांवों को साफ दिखाकर लाखों रुपये का खर्च बताकर वाहवाही लूट लेंगे, लेकिन हकीकत में साफ-सफाई व्यवस्था राम भरोसे चल रही है। दीपावली जैसे बड़े त्यौहार पर भी गांवों की यह हालत देखकर लोगों में भारी रोष है।





अब ब्यावर से अजमेर तक दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें, दीपावली पर शहर को मिली आधुनिक सफर की सौगात

दो एसी ई-बसों का विधायक शंकर सिंह रावत और सभापति पुष्पा बल्दुआ ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ, कम किराए में मिलेगा आरामदायक सफर

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची



ब्यावर। दीपावली के त्योहार पर ब्यावरवासियों को सार्वजनिक परिवहन की बड़ी सुविधा मिली है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत नगर परिषद ब्यावर को दो आधुनिक इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाई गई हैं। अब शहरवासियों को ब्यावर से अजमेर तक वातानुकूलित बसों में आरामदायक सफर करने का अवसर मिलेगा। खास बात यह है कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से जहां यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी, वहीं प्रदूषण कम करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। नगर परिषद परिसर में आयोजित समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ई-बस सेवा का शुभारंभ किया गया। विधायक शंकर सिंह रावत एवं सभापति पुष्पा जयकिशन बल्दुआ ने दोनों बसों का निरीक्षण करने के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बस चालकों एवं परिचालकों का अभिनंदन भी किया गया।

कम किराए में एसी सफर, अजमेर तक मिलेगी सुविधा

दोनों आधुनिक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन ब्यावर रोडवेज बस स्टैंड से अजमेर तक किया जाएगा। इससे रोजाना अजमेर आने-जाने वाले यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों एवं अन्य आमजन को राहत मिलेगी। वातानुकूलित बसों में सफर अधिक सुविधाजनक होगा। इलेक्ट्रिक बसें होने के कारण ध्वनि एवं वायु प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलेगी। विधायक शंकर सिंह रावत ने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ब्यावर के विकास तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। ई-बस सेवा शहर के विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी। समारोह में सभापति पुष्पा जयकिशन बल्दुआ, अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, नगर परिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत, उपखंड अधिकारी जयपाल सिंह राठौड़, राजस्व अधिकारी मोहिन्द्र राय फुलवारी सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।













स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com